डी. ए . वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई-42

प्रतिवेदन - सतर्कता जागरूकता दिवस - 2022

'सतर्कता एवं जागरूकता स्वतंत्रता की कीमत है।'

डी.ए .वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई के परिसर में सतर्कता जागरूकता दिवस उत्साह एवं उमंग से मनाया गया। प्रतिवर्ष अक्तूबर का अंतिम सप्ताह लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में सतर्कता जागरूकता दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय था - 'भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत'। कार्यक्रम की शुरूआत दिव्य गायत्री मंत्र से हुई। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने सतर्कता जागरूकता दिवस मनाने के महत्त्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कक्षा छठी के छात्र-छात्राओं ने नाटकीय रूप में न्यायालय गतिविधि को रंगमच पर प्रस्तुत किया, जिसमें न्यायालय में अदालती विवाद परिदृश्यों में हो रहे निष्पक्ष नतीजे को प्रतिपादित किया गया। केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम पर एक संक्षिप्त विवरण सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा मंच पर प्रदर्शित किया गया। आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने भारत के राष्ट्रनिर्माण में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के असीम योगदान पर एक संवादात्मक प्रस्तुति दी जो सराहनीय थी। एक शिक्षाप्रद माइम शो के माध्यम से नवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने समाज को भ्रष्टाचार उन्मूलन के प्रति जागरूक किया। तत्पश्चात दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ गैलरी वॉक तथा आकर्षक पोस्टर एवं नारों का प्रदर्शन किया जो विकसित समाज में भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता और सतर्कता का एक उत्तम प्रयास था। कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों ने एक झाँकी के माध्यम से समाज के सभी वर्गों, खासकर युवाओं का ध्यान एक ईमानदार और भ्रष्टाचार मुक्त समाज निर्माण की ओर इंगित किया। अंत में विद्यार्थियों ने बेहतर नागरिक बनने के लिए सत्यनिष्ठा की शपथ ली। धन्यवाद ज्ञापन और शान्ति पाठ से कार्यक्रम का समापन हुआ।

डी. ए . वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई-42

सतर्कता जागरूकता दिवस - 2022

कक्षा छठी के छात्र-छात्राओं द्वारा न्यायालय गतिविधि का नाटकीय मंचन

दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं का भ्रष्टाचार के खिलाफ आकर्षक पोस्टर एवं नारों का प्रदर्शन

नवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित माइम शो

विद्यार्थियों द्वारा बेहतर नागरिक बनने के लिए सत्यनिष्ठा की शपथ